यह निरीक्षण प्रतिवेदन प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कालेज, डीडीहाट, पिथौरागढ़, उत्तराखंड द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार किया गया है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरी सूचना के लिए कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कालेज, डीडीहाट, पिथौरागढ़, उत्तराखंड के माह अप्रैल 2012 से सितम्बर 2018 तक के लेखा अभिलेखों की लेखापरीक्षा पर आधारित निरीक्षण प्रतिवेदन, जो श्री सुनील दत्त, श्री मुकेश कुमार एवं श्री जतिन राणा सहायक लेखापरीक्षा अधिकारियों द्वारा दिनांक 12.11.2018 से 14.11.2018 तक श्री एस॰ के॰ वर्मा, लेखापरीक्षा अधिकारी के पूर्णकालिक पर्यवेक्षण में सम्पादित किया गया।

## <u>भाग-I</u>

**1. परिचयात्मकः** इकाई की यह प्रथम लेखापरीक्षा है। वर्तमान लेखापरीक्षा में माह 04/2012 से 09/2018 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी।

2. **इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्र**: इकाई का भौगोलिक अधिकार क्षेत्र राजकीय इंटर कालेज, डीडीहाट, जिला पिथौरागढ़ है, इकाई का क्रियाकलाप शैक्षणिक कार्यो का संचालन करना है।

(ii) (अ) विगत वित्तीय वर्ष 2012-13 से 2018-19 (सितम्बर 2018) में बजट आबंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत हैः

***(रु लाख में)***

| वर्ष | योजना का नाम (GIC) | आवंटन (रु लाख मे) | व्यय (रु लाख मे) | व्यय अधिक्य (+) | बचत (-) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2012-13 | 2202 सामान्य शिक्षा | **103.89** | **103.89** | - | - |
| 2013-14 | 2202 सामान्य शिक्षा | **116.62** | **116.62** | - | - |
| 2014-15 | 2202 सामान्य शिक्षा | **115.79** | **115.79** | - | - |
| 2015-16 | 2202 सामान्य शिक्षा | **94.84** | **94.84** | - | - |
| 2016-17 | 2202 सामान्य शिक्षा | **97.59** | **97.59** | - | - |
| 2017-18 | 2202 सामान्य शिक्षा | **124.69** | **124.69** | - | - |
| 2018-19 (सितम्बर 2018 तक) | 2202 सामान्य शिक्षा | **106.05** | **92.40** | - | - |

**(ब) केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय विवरण निम्नवत हैः**

*(रु लाख में)*

| वर्ष | योजना का नाम | प्रारम्भिक अवशेष | आवंटन | व्यय | अंतिम अवशेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2012-13 | RMSA/SSA/MDM | 2.89 | 2.54 | 4.29 | 1.14 |
| 2013-14 | RMSA/SSA/MDM | **1.14** | 2.04 | 2.44 | 0.74 |
| 2014-15 | RMSA/SSA/MDM | **0.74** | 3.03 | 2.37 | 1.40 |
| 2015-16 | RMSA/SSA/MDM | 1.40 | 1.18 | 1.57 | 1.01 |
| 2016-17 | RMSA/SSA/MDM | 1.01 | 2.36 | 2.10 | 1.27 |
| 2017-18 | RMSA/SSA/MDM | 1.27 | 2.09 | 1.75 | 1.61 |
| 2018-19 (सितम्बर 2018 तक) | RMSA/SSA/MDM | 1.61 | 0.50 | 0.67 | 1.44 |

**(स) कार्यक्रम/योजना/परियोजना के क्रियान्वयन मे संलग्न समितियों एवं एन०जी०ओ का विवरण:**

| S.No | Year | Name of Society/ NGO involved | Government expenditure through Society/NGO |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** |
| 1 | 2015-16 | **सूचना शून्य है** | |
| 2 | 2016-17 | | |
| 3 | 2017-18 | | |
| 4 | 2018-19 (सितम्बर 2018 तक) | | |

(iii) इकाई को बजट आवंटन राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। स्थापना व्यय को सम्मिलित न करते हुए इकाई "सी" श्रेणी की है। विभाग का संगठनात्मक ढांचा संलग्न है।

<u>शिक्षा सचिव</u>

↓

महानिदेशक

निदेशक मा.शि. — निदेशक प्रा.शि.

अपर निदेशक मा.शि. (कुमाऊँ मण्डल/गढवाल मण्डल) — अपर निदेशक प्रा.शि. (कुमाऊँ मण्डल/गढवाल मण्डल)

जनपद-मुख्य शिक्षा अधिकारी — जनपद-मुख्य शिक्षा अधिकारी

जिला शिक्षा अधिकारी (मा.शि.)
↓
विकासखण्ड----
खण्ड शिक्षा अधिकारी
↓
प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि.)
↓
विकासखण्ड----
उप शिक्षा अधिकारी
↓
प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका

**(iv) लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा विधिः** लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र राजकीय इंटर कालेज, डीडीहाट, जिला पिथौरागढ़ है। यह निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यालय राजकीय इंटर कालेज डीडीहाट, पिथौरागढ़, उत्तराखंड की लेखापरीक्षा में पाये गये निष्कर्षों पर आधारित है। माह **फरवरी 2016, मई 2012, जून 2017** एवं **मई 2018** को विस्तृत जांच हेतु चयनित किया गया।

(v) लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 के अधीन बनाये गये नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्ते) अधिनियम, 1971 (डी पी सी एक्ट, 1971), लेखा तथा लेखापरीक्षा विनियम, 2007 तथा लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार सम्पादित की गयी।

**<u>भाग-II 'ब'</u>**

**प्रस्तर-1: विस्तृत जांच हेतु चयनित माहों की जांच मे रोकड़ बही एवं कोषागार समाधान विवरण मे रु 0.07 लाख का अंतर पाया जाना तथा भुगतान वाउचर अनुपलब्ध रहना।**

प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कालेज डीडीहाट, पिथौरागढ़ के विस्तृत जांच हेतु चयनित माहों से संबन्धित रोकड़ बही की जांच मे पाया गया कि माह मई 2012 के वाउचर संख्या PAC 03 रु 1,00,000/-, 02 रु 5,00,000/-, 04 रु 1,00,000/-, 05 रु 75,000/-, माह फरवरी 2016 के वाउचर संख्या PAC 26 रु 4,00,000/-, 27 रु 7,24,000/-, माह जून 2017 के वाउचर संख्या PAC 04, रु 2,50,000/-, 03 रु 3,80,000/-, 05 रु 6,00,000/- तथा राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान से संबन्धित चयनित माह मार्च 2014 के रु 57,734 एवं मार्च 2015 के रु 16,000/- वाउचर उपलब्ध नहीं थे।

उक्त उल्लिखित वाउचरों को लेखापरीक्षा मे उपलब्ध नहीं कराया गया। रोकड़ बही एवं कोषागार समाधान विवरण के मिलान मे रु 7,320/- की कमी दर्ज थी, जो वाउचर संख्या: 01 दिनांक 28 मार्च 2018 से संबन्धित था, देखा गया कि रोकड़ बही मे रु 11,42,018/- तथा कोषागार समाधान विवरण मे रु 11,49,338/- का भुगतान दर्शाया गया था।

लेखापरीक्षा मे पूछे जाने पर इकाई ने अपने उत्तर मे बताया कि माह मई 2012, फरवरी 2016 एवं जून 2017 के वाउचर सामान्य भविष्य निधि से संबन्धित हैं जिन्हे कोषागार भेजा गया है, भविष्य मे एक प्रति कार्यालय मे रखी जाएगी, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान से संबंधी अनुपलब्ध वाउचरों को खोज कर लेखापरीक्षा को उपलब्ध करा दिया जाएगा। रु 7,320/- के अंतर से संबन्धित प्रकरण की जांच कर लेखापरीक्षा को अवगत करा दिया जाएगा।

विभागीय उत्तर से स्पष्ट है कि विस्तृत जांच हेतु चयनित माहों के उक्त वर्णित वाउचर अनुपलब्ध थे तथा रोकड़ बही मे रु 7,320/- का अन्तर था।

प्रकरण संज्ञान मे लाया जाता है।

## भाग-III

**विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों का विवरण:**

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | भाग-II 'अ' प्रस्तर | भाग-II 'ब' प्रस्तर | स्टैन |
|---|---|---|---|
| इकाई की प्रथम लेखापरीक्षा है | | | |

**विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्याः**

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | प्रस्तर संख्या लेखापरीक्षा प्रेक्षण | अनुपालन आख्या | लेखापरीक्षा दल की टिप्पणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| इकाई की प्रथम लेखापरीक्षा है | | | | |

## भाग-IV

**इकाई के सर्वोत्तम कार्य:**

--------------शून्य-----------

## भाग-V

## आभार

1. कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून लेखापरीक्षा अवधि में अवस्थापना संबंधी सहयोग सहित मांगे गये अभिलेख एवं सूचनांए उपलब्ध कराने हेतु प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कालेज, डीडीहाट, पिथौरागढ़, उत्तराखंड तथा उनके अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है, तथापि लेखापरीक्षा में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गयेः

**-शून्य-**

2. **सतत् अनियमितताएः**

**-शून्य-**

लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा कार्यालयध्यक्ष का कार्यभार वहन किया गया था:

| क्रम सं0 | नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1。 | श्री काशीराम गौतम | (प्रभारी प्रधानाचार्य) | अप्रैल 2012 से वर्तमान तक |

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताएं जिनका समाधान लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं हो सका उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर एक प्रति प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कालेज, डीडीहाट, पिथौरागढ़, उत्तराखंड को इस आशय से प्रेषित कर दी जायेगी कि अनुपालन आख्या पत्र प्राप्ति के एक माह के अन्दर सीधे उप महालेखाकार (सामाजिक क्षेत्र), कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), “महालेखाकार भवन”, कौलागढ़, देहरादून- 248195 को प्रेषित कर दी जांय।

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/सा.क्षे.**